तदेव शुक्रं तद्ब्रह्म तदेवामृतमुच्यते । २।२।८

वही शुद्ध ब्रह्म अमृत है । २।२।८

एको वशी सर्वभूतान्तरात्मा
एकं रूपं बहुधा यः करोति । २।२।१२।।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.


वह परमेश्वर सर्वगत (सवमें स्थित) स्वतन्त्र एक है। सव प्राणियोंकी अन्तरात्मा होनेसे सव जगत् इसके वश में हैं। जो परमात्मा एक ही सदेकरस विज्ञान रूप आत्माको नामरूपादि अशुद्ध उपाधियोंसे अनेक प्रकारका रूप करता है। २।२।१२॥

**तदेतदिति मन्यन्तेऽनिर्देश्यं परमं सुखम्। २।२।१४॥**

अंगुष्ठ मात्र प्रमाण के अन्तरक्त स्वरूप पुरुष सदा ही प्राणियोंके हृदय में स्थित है। उस पुरुषको मुजसे भीतरके सारकी तरह धैर्यपूर्वक अपने शरीरसे अलग करना। शरीरसे अलग किया हुवा उस पुरुपको शुद्ध अमृत ब्रह्म जानना। २।२।१४॥

**तमेव भान्तमनुभाति सर्वम्**
**तस्य भासा सर्वमिदं विभाति। २।२।१५॥**

प्रकाशमान उसी ब्रह्मको लक्ष्य करके सव जगत् प्रकाशमान है। उसी ब्रह्मके तेजसे जगत् चमकता है। २।२।१५॥

**पुरुषोऽन्तरात्मा। २।३।१७**

पुरुष (सदासव प्राणियोंका अन्तरात्मा में रहनेवाला) अन्तरात्मा है। २।३।१७

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.



## प्रश्नोपनिषत्

एष हि द्रष्टा स्प्रष्टा श्रोता घ्राता रसयिता
मन्ता बोद्धा कर्ता विज्ञानात्मा पुरुषः ।
स परेऽक्षरे आत्मनि सम्प्रतिष्ठते ॥ ४।९

यह आत्मा द्रष्ठा स्प्रष्टा श्रोता घ्राता रसयिता मन्ता बोद्धा कर्ता विज्ञानात्मा स्वरूप है । वह परम अक्षर पुरुष आत्मामें रहता है । ४।९

## मुण्डकोपनिषत्

तपसा चीयते ब्रह्म ततोन्नमभिजायते ।
अन्नात्प्राणो मनः सत्यं लोकाः कर्मसु चामृतम् ॥ १।१।८

ज्ञानसे उत्पत्तिकी विधिको पहचाननेसे उत्पत्ति करवानेकी खोज करनेवाला ब्रह्म इस जगत् रूप में, बीज अङ्कुरके रूप में वृद्धिके समान बढता है । इस प्रकार सर्वज्ञ होनेसे सृष्टि-स्थिति-संहार शक्तिके विज्ञान से बढाहुवा ब्रह्मसे अन्न पैदा होता है । अन्नसे प्राण, उससे संकल्प विकल्प निर्णयात्मक मन पैदा होता है । मनसे सत्यरूप आकाशादि पञ्चमहाभूत पैदा होते हैं । उन पञ्चमहाभूतोंसे अण्ड क्रमसे भूरादि सप्तलोक पैदा होते हैं । इन में मनुष्य आदि प्राणी वर्ग, वर्णाश्रम और कर्म, कर्मोंमे अमृतजन्य फल पैदा होता है ।१।१।८

यः सर्वज्ञः सर्वविद्यस्य ज्ञानमयं तपः ।
तस्मादेतद्ब्रह्म नाम रूपमन्नं च जायते ॥ १।१।९

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.


जो माया रूपसे (समष्टिरूप माया नामकी उपाधिसे) सब जानने-वाला, विशेषरूपसे (व्यष्टिरूप मायानामकी उपाधिसे) सृष्टि किया हुवा जाननेवाला है, जिसका ज्ञानमय सर्वलक्षण तप है, उस सर्वज्ञसे कार्यलक्षण हिरण्यगर्भ नामका ब्रह्म, देवदत्त, यज्ञदत्त आदि नामके शुक्ल, नीलरूपादि, व्रीहि, यव आदि लक्षण अन्न पैदा होते हैं।
१।१।९

अक्षराद्विविधाः भावाः प्रजायन्ते
तत्र चैवापियन्ति । २।१।१

अक्षर परमात्मासे नाना देहोपाधिको लेकर जीव पैदा होते हैं और उसी में लय होते हैं। २।१।१

दिव्यो ह्यमूर्तः पुरुषः सबाह्याभ्यन्तरो ह्यजः ।
अप्राणो ह्यमनाः शुभ्रो ह्यक्षरात्परतः परः ।। २।१।२

स्वयं प्रकाश, मूर्तिरहित, पूर्ण, बाह्य और आभ्यन्तर सहित, अज, प्राणशून्य, मनरहित, अनिर्वचनीय, अक्षरसे भी जो पर है उससे भी पर निरुपाधिक शुद्ध ब्रह्म है। २।१।२

एतस्माज्जायते प्राणो मनः सर्वेन्द्रियाणि च ।
खं वायुर्ज्योतिरापः पृथिवी विश्वस्य धारिणी ।। २।१।३

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.



इसी आत्मा से अविद्या, लक्षण, मायाद्वारा प्राण, मन, सभी बुद्धि-न्द्रिय, कर्नेन्द्रिय, आकाश, वायु, तेज जल" पृथिवी सबोंका आधार उत्पन्न होता हैं। (जो जिसके द्वारा उत्पन्न होता है वह उसी में लय होता है)

हिरण्मये परे कोशे विरजं ब्रह्म निष्कलम्।
तच्छुभ्रं ज्योतिषां ज्योतिस्तद्यदात्मविदो विदुः ॥ २।२।९

ज्योतिर्मय बुद्धि विज्ञानको प्रकाश करनेवाले पर कोष में (चित्क-ला में) अविद्या आदि सभी दोषरूप रजोमल रहित, शुद्ध अग्नि आदि सभी ज्योतियोंको प्रकाशकरनेवाले वह ब्रह्मात्मक चैतन्य ज्योतिको आत्मवित् (शब्दादि विषय बुद्धि प्रत्ययको जाननेवाले) जानलेते हैं। २।२।९

अन्तः शरीरे ज्योतिर्मयो हि शुभ्रो
यं पश्यन्ति यतयः क्षीणदोषाः। ३।१।५॥

हृदयाकाश में ज्योतिर्मय शुद्ध शुभ्र आत्मा है। जिसे कामक्रोधादि दोषरहित योगी देखते हैं। ३।१।५॥

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.


स यो ह वै तत्परमं ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति । ३।२।९

जो वह परमपद "ब्रह्मैवाहमस्मि" मै ब्रह्म ही हूँ ऐसा जानता है वह ब्रह्म ही होता है । ३।२।९

## माण्डुक्योपनिषत्

ॐ ओमित्येतदक्षरमिदं सर्वम् । १

वाचक और वाच्य स्वरूप होनेसे ॐकार यह अक्षर ही परब्रह्म है । १

सर्वं ह्येतद्ब्रह्मायमात्मा ब्रह्म सोऽयमात्मा चतुष्पात् । २

ये सब ॐकार मात्र ब्रह्म है । यह आत्मा ब्रह्म है । २

सब यह ओंकार मात्र ब्रह्म है । आत्मा ब्रह्म है । वह यह आत्मा (पर और अपर रूप) चार पाद (अंश) वाला है । )विश्वस्थूल, तैजस–वासनारूप–सूक्ष्म, और प्राज्ञ–व्यक्ति रूप अविद्या से उपहित चैतन्यकारण अवस्था ये तीनों अवस्थाक्रम से पूर्व पूर्व लय करके कारण उपाधि रहित अतीत आधारभूत शुद्ध चैतन्य रूप तुरीय प्राप्ति (ज्ञान) है । इसी से जिसद्वारा पहुँचते हैं । यह करण अर्थ में साधन बनानेवाला पाद शब्द पहले तीन में प्रयुक्त है । तुरीयताकी प्राप्ति कियी जाती है जिसको यह कर्म अर्थ में सिद्ध हुआ पाद शब्दका प्रयोग है ।) २

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.


जागरितस्थानो बहिः प्रज्ञः सप्तांग एकोनविंशति
मुखः स्थूलभुग्वैश्वानरः प्रथमः पादः । ३

जाग्रत अवस्था में रहा हुआ, अपने से अलग विषय में बुद्धिवाला, सात अङ्ग (तस्म हवा एत स्यात्मनो वैश्वानरस्य मूर्धैव सुतेजाश्चक्षु र्विश्वरूपः प्राणः पृथग्वर्त्मात्मा संदेहो वहुलो बस्तिरेव रयिः वृथिव्येव पादौ आस्य माहवनीयः इति छान्दोग्योपनिषत् ५।१८।२ के अनुसार) शिर सुतेज (द्युलोक) आँख। विश्वरूप (सूर्य) प्राण– भिन्न गति, वायु, उदर के मध्य भाग– आकाश जलस्थान– अन्नकारण जल और पृथ्वी– पाद तथा आवहनीय अग्नि–मुखवाला उन्नाइस मुख बुद्धिन्द्रिय–कान– –चमडा–आँख–जीभ, नाक, पाचों कर्मेन्द्रिय, वाक्–पाणि, पायु– वायु–उपस्थ पाचों वायु प्राण– व्यान–अपान–उदान–समान और अन्तःकरण–मन बुद्धि–अहंकार–चित्त ये चार उपलव्धि (प्राप्ति) द्वारा हुआ स्थूल विषय के भोक्ता वैश्वानर सभी पिण्डात्मा प्रथम पाद है। ३

स्वप्नस्थानोऽन्तःप्रज्ञः सप्तांग एकोनविंशति
मुखः प्रविविक्तभुक्तैजसो द्वितीयः पादः । ४

स्वप्न अवस्था में कहा हुआ, वासना रूप सूक्ष्म (स्थूल रहित) मन स्पन्द मात्र आकार प्रज्ञा बुद्धिवाला, सात अङ्ग और उन्नाइस मुख सूक्ष्म वासना रूप वाला तैजस दूसरा पाद है। ४

यत्र सुप्तो न कञ्चन कामं कामयते
न कञ्चन स्वप्नं पश्यति तत्सुषुप्तम् ।
सुषुप्तस्थान एकीभूतः प्रज्ञानघन एवानन्दमयो
ह्यानन्दभुक्चेतोमुखः प्राज्ञस्तृतीयः पादः । ५

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.


जिसमें अप्रबोध रूप निद्रा (अज्ञान में पाकर कोही कुछ भी कामना नही करता है कुछ भी स्वप्न नहीं देखता है वह सुषुप्ति गाढ निद्रा है। सुषुप्ति अवस्थामें रहा हुआ मन के स्पन्दन से रूपका त्याग न कर अविवेक में प्राप्त होने पर एक भाव हुआ, निद्रा तम (अन्धकार)से ढककर दूसरा दृश्य अलग न होके अदृश्य होनेतक तमघनकी तरह जाग्रत् स्वप्नका प्रज्ञान घन मिलकर प्रज्ञान घन हुआ, दूसरा दुःख विषय विषयी आकार भान न होने पर आनन्दमय (निर्मल स्वयं आत्मा आनन्द जैसे) आनन्द भोग करने वाला, स्वप्न जाग्रत् बोधके तरफ उन्मुख बोध हुआ, विशिष्ट विज्ञान से युक्त प्राज्ञ तीसरा पाद है। (चैतन्य में कल्पित वही बुद्धि बाहरी विषयके ज्ञान करने पर जाग्रत् काल में, भीतर वासना रूप विषय के ज्ञान करने पर स्वप्नावस्था में और ये दोनों ही से विलक्षण इन सबोंका एकीभूत होकर केवल अज्ञान मात्र नहोने से सुषुप्ति अवस्था में व्यवहृत होने से सब बुद्धिकाही खेल है)। ५

एष सर्वेश्वर एष सर्वज्ञ एषोन्तर्याम्येष
योनिः सर्वस्य प्रभवाप्ययौ हि भूतानाम्। ६

चैतन्य स्वरूप यह आत्मा आध्यात्मिक आधिदैविक आधिभौतिक सभी भेदोंका ईश्वर है। यही आत्मा सभी अवस्था भेदोंका ज्ञाता होनेसे सर्वज्ञ है। यह आत्मा भीतर प्रवेशकरके सभी प्राणियोंका नियन्ता होनेसे अन्तर्यामी है। यह आत्मा सब जगत्की उत्पत्ति और प्रलयका भी कारण है। ६

नान्तः प्रज्ञं न बहिष्प्रज्ञं नोभयतः प्रज्ञं
न प्रज्ञानघनं न प्रज्ञं नाप्रज्ञम्।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.



अदृश्यमव्यवहार्यमग्राह्यमलक्षणम-
चिन्त्यमव्यपदेश्यमेकात्मप्रत्ययसारं
प्रपञ्चोपशमं शान्तं शिवमद्वैतं चतुर्थम्
मन्यन्ते स आत्मा स विज्ञेयः। ७

इस तुरीयावस्थाकी आत्मा में स्वप्नावस्था नहीं है। जागरित स्थान बहिष्प्रज्ञ श्वैबानर नहीं है। जाग्रत्स्वप्नके तैजस वैश्वानर के बीचकी अवस्था भी नहीं है। सुषुप्तिस्थान प्राज्ञस्वरूप कीविस्मृति धन अज्ञानसेढका हुवाप्रज्ञ प्रज्ञानघन भी नहींहै। एक ही दफे सब विषयोंका ज्ञाता भी नहीं है। अचैतन्य भी नहीं है। दृश्य भी नहीं है। व्यवहार्य भी नहीं है। ग्रहण भी नहीं कियाजा सकताहै। लक्षण (चिन्ह) भी नहीं है। अचिन्त्य है। वतलायाजा नहीं सकता। एक आत्मा प्रतीतिका सार जाग्रदादि अवस्थाओं में एक यह आत्मा अव्यभिचारी है। अतः जाग्रदादि स्थानका धर्माभास हुवा है। शान्त, शिव, भेद और विकल्प रहित तुरीय यह आत्मा है। यही जानना चाहिये। ७

अमात्रश्चतुर्थोऽव्यवहार्यः प्रपञ्चोपशमः
शिवोऽद्वैत एवमोंकार आत्मैव
संविशत्यात्मनात्मानं य एवं वेद। १२

मात्रा (अ उ म) स्वरूप ॐकार रहित, तुरीय, वचन और मनसे कहा नजानेसे अव्यवहार्य, प्रपञ्च नाश होनेपर भी स्थित होनेवाला, परमानन्द स्वरूप, द्वैतवर्जित, अधिष्ठान आत्मा में अमात्र (मात्रा शून्य) ॐकार प्रवेश होता है। ऐक्य होता है। जो आत्मा पहचानता है वह अपना स्वरूप आत्मा आपही पहचानता है। (आत्मा में प्रविष्ट होता है। १२

कल्पयत्यात्मनाऽऽत्मानमात्मा देवः स्वमायया।
स एव बुध्यते भेदानिति वेदान्तनिश्चयः॥ गौ. २।१२

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.


स्वयं अपनी मायासे आत्मा प्रकाशक आत्मासे रस्सी में सर्पकी कल्पना की तरह आत्मामें भेद कल्पना करती है। स्वयं जानती है (पहचानता है) यह वेदान्तका निश्चय है। गौ. २।१२

निर्विकल्पो ह्ययं दृष्टः प्रपञ्चोपशमोऽद्वयः। गौ. २।३५॥

विकल्प शून्य और द्वैत भाव रूपका अभाव आत्मा यह अद्वैत तत्त्व ब्रह्म (रागादि विहीन मुनिद्वारा) साक्षात्कार हुआ है। गौ.२।३५५

मनोदृश्यमिदं द्वैतं यत्किञ्चित्सचराचरम्।
मनसो ह्यमनीभावे द्वैतं नैवोपलभ्यते॥ गौ. ३।३१

ये सव चराचर जगत् मनसे कल्पना कियेगये द्वैत हैं। मन रुक जानेपर द्वैतभाव नहीं रहता है। गौ. ३।३१

आत्मसत्यानुबोधेन न सङ्कल्पयते यदा।
अमनस्तं तदायाति ग्राह्याभावे तदग्रहम्॥ गौ. ३।३२

आत्मा ही सत्य है ऐसा शास्त्र एवं गुरूपदेश द्वारा कियागया ज्ञानसे कल्पना की जाने वस्तु नहोने से जव कल्पना नहीं होती तव अमनोभाव होता है। लकडी नहोने पर जैसे आग नहीं सुलकती है। गौ. ३।३२

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.



**अकल्पकमजं ज्ञानं ज्ञेयाभिन्नं प्रचक्षते ।**
**ब्रह्मज्ञेयमजं नित्यमजेनाजं विबुध्यते ।। गौ. ३।३३**

**तदेव निर्भयं ब्रह्म ज्ञानालोकं समन्ततः । गौ. ३।३५।।**

सव प्रकारकी कल्पनासे रहित अतएव अज, ज्ञप्तिमात्र परमार्थ में सत् आत्मस्वरूप ज्ञानसे ज्ञेय आत्मतत्व स्वयं पहचानता है। आत्म-स्वभाव चैतन्यस्वरूप ज्ञानालोक ब्रह्म चारों तरफ़ आकाश के समान व्यापक वही भय रहित और ज्ञान प्रकाशमय है। गौ.३।३३।३५

**अजमनिद्रमस्वप्नमनामकमरूपकम् ।**
**सकृद्विभातं सर्वज्ञं नोपचारः कथंचन ।। गौ. ३।३६**

कल्पना रहित अज, अनिद्र, अस्वप्न, नाम तथा रूपरहित सदा प्रकाशमान ब्रह्म है। आत्मा में कुछ भी उपचार नहीं है। अविद्यादशा में ही सव व्यवहार होता है। गौ. ३।३६

**सर्वाभिलापविगतः सर्वचिन्तासमुत्थितः ।**
**सुप्रशान्तः सकृज्ज्योतिः समाधिरचलोऽभयः ।। गौ. ३।३७**

परमात्मा सव वाह्य इन्द्रियोंसे रहित, अन्तःकरण वर्जित, सुप्र-शान्त आत्मचैतन्य रूपसे सदा प्रकाशमान है। जिस परमात्मा में जीव और उपाधि लय होते हैं, वैसा समाधि-आत्मज्ञान अचल, विकार रहित अभय है। गौ. ३।३७

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.


ग्रहो न तत्र नोत्सर्गश्चिन्ता यत्र न विद्यते ।
आत्मसंस्थं तदा ज्ञानमजाति समतां गतम् ॥ गौ. ३।३८

उस ब्रह्म में उपादान (ग्रहण) नहीं है। हान (त्याग) भी नहीं है। चिन्ता नहीं है। वह सत्य ग्रात्मबोध तव जाति ( जन्म ) रहित ग्रौर समता में प्राप्त होता है । जाति रहित साम्य प्राप्त होता है।
गौ. ३।३८

लये संबोधयेच्चित्तं विक्षिप्तं समयेत्पुनः ।
सकषायं विजानीयात्समप्राप्तं न चालयेत् ॥ गौ. ३।४४

ज्ञानके ग्रभ्यास ग्रौर विषय वैराग्य द्वारा सुषुप्ति ग्रज्ञान में लय हुवा ज्ञान स्वरूप बोध न हुवा मनको ग्रात्मविवेक ज्ञान दर्शन से युक्त करे। चित्तवृत्ति से शब्दादि बाह्यबिषयों का ग्रहणकरने में उपेक्षा किया हुवा लेकिन प्रत्यगात्म स्वरूप भी ग्रवभासित न हुवा ऐसा "लय" अर्थात् ग्रखराड ग्रद्वितीय वस्तु ब्रह्मका बोध ग्रवलम्बन नहो कर चित्तवृत्ति केवल ग्रविद्यात्मिका परमेश्वराश्रया माया मयी सुषुप्ति निद्रामे पडे हुवे ग्रवस्थामें वह निद्रारूप लयको हटाने के लिये चित्तको वार वार उत्साहित करके जगावे। काम भोगमें चञ्चल मनको विषयसे हटाकर शमन (शान्त) करे। ग्रखण्ड ग्रद्वैत वस्तु ब्रह्मका ग्रबलम्बन करनेमे ग्रन्तर्मुरव हुईभी चित्त वृत्ति जव उसके ग्रवलम्वन करनें में ग्रसमर्थ होता है तव फिर बाहरी वस्तु ग्रो का ग्रहण करने लगता है ऐसा यह "विक्षेप" ग्राने पर चित्तको नश्वर

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.


विषय वैंराग्यादिद्वारा शान्तकरके धैर्यके अवलम्वन द्वारा फिर उसको अद्वितीय ब्रह्ममे लगावे। फिर साम्य अवस्थामे नपहुचके अन्तराल (वीच) अवस्थामें रहाहुवा मनको रागादि वासनासे युक्त जानना। उसको भी हटाकर साम्यमें प्राप्तकरानेके वाद अर्थात् सम (अनन्यवोधमात्र) प्राप्त (एकरूप) मनको विचलित (काम विषयोमे अभिमुख न करे)। लय और विक्षेपरूप पूर्वोक्त दोनो ही न होनेपर भी उद्बुद्धरागादि वासनावशसे चित्तवृत्ति स्तब्ध होनेसे अखण्ड अद्वितीय ब्रह्मका अवलम्बन ही "कषाय" है ऐसे युक्त होने पर उस कषायको त्यागकर प्रत्यक् आत्मतत्त्वमे फिराले और सममे प्राप्त होने पर विचलित नकरे।

गौ ३।४४

नास्वादयेत्सुखं तत्र निःसंगः प्रज्ञया भवेत्।
निश्चलं निश्चरच्चित्तमेकी कुर्यात्प्रयत्नतः॥ गौ. ३।४५

उस समाधि अवस्था में होनेवाला सुखका आस्वाद नहीं लेना। ब्रह्मानन्द के भ्रम से सविकल्परूप आनन्दका अनुभव होना रसास्वादन है। इस विघ्न में भी कृतार्थ न होकर उस सविकल्प आनन्द में अनासक्त होता हुआ निर्विकल्प समाधि रूप चित्तको "चिन्मात्रावस्थिति" मात्र अवशिष्ट रहे। विवेक बुद्धि से निस्पृह होवे। निष्पन्द चित्त वाह्य वृत्ति के ओर लगने पर ज्ञान विवेक वैराग्यद्वारा प्रयत्न से अनन्य स्वयं आत्मचित्स्वरूप होकर एक करे।) गौ. ३।४

यदा न लीयते चित्तं न च विक्षिप्यते पुनः।
अनिङ्गनमनाभासं निष्पन्नं ब्रह्म तत्तदा॥ गौ. ३।४६

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.


जव चित्त अज्ञान मे (सुषुप्तिमे) लीन नहीं होता है एवं विज्ञान में भी नहीं जाता है, वायु रहित स्थान में स्थित दीपकी तरह निश्चल होता है। तथा किसी कल्पित विषयों से प्रकाश नहीं होता है तव ब्रह्मस्वरूप चित्त होता है। ३।४६

**स्वस्थं शान्तं सनिर्वाणमकथ्यं सुखमुत्तमम् ।**
**अजमजेन ज्ञेयेन सर्वज्ञं परिचक्षते ।। गौ. ३।४७**

**न कश्चिज्जायते जीवः सम्भवोऽस्य न विद्यते ।**
**एतत्तदुत्तमं सत्यं यत्र किंचिन्न जायते ।। गौ. ३।४८**

स्वात्मामें स्थित शान्त, कैवल्य नाम के मोक्ष सहित, अनिर्वचनीय (नकहेजानेवाले) अनुभव मात्रसे गम्य, उत्तम सुखरूप, अज, अनुत्पन्न ज्ञेयब्रह्मसे भिन्न न होकर अपना सर्वज्ञरूपसे सर्वस्व ब्रह्म ही सुख है ऐसा ब्रह्म ज्ञाता (ब्रह्म पहचाननेवाले) कहते हैं। परमार्थ सत्यका कोई जीव, कर्ता और भोक्ता नहीं हो सकता है। अतः स्वभावसे ही अज एक आत्माके जन्मका कारण कोई नहीं है। अतः कोई जीव उत्पन्न नहीं होता है। सत्य स्वरूप ब्रह्म में अणु मात्र भी कुछ भी नहीं उत्पन्न होता है। गौ. ३।४७

गौ. ३।४८

**चित्तस्पन्दितमेवेदं ग्राह्यग्राहकवद्द्वयम्**
**चित्तं निर्विषयं नित्यमसङ्गं तेन कीर्तितम् ।। गौ. ४।७२**

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.


ग्राह्य (ग्रहण किए जाने वाले) ग्राहक (लेनेवाला) दोनों ही चित्त की स्फुरण चञ्चलता मात्र है। चित्र वास्तव में विषय रहित नित्य (एक रूप है) वही रूप से असङ्ग वतलाया है। गौ. ४।७३२

योऽस्ति कल्पितसंवृत्या परमार्थेन नास्त्यसौ । गौ. ४।७३।।

जो कल्पना किया हुआ भाव से है वह परमार्थ रूप से नहीं है गौ. ४।७३।।

बुद्ध्वाऽनिमित्ततां सत्यां हेतुं पृथगनाप्नुवन् ।
वीतशोकं तथा काममभयं पदमश्नुते ।। गौ. ४।७८

द्वैतभाव नहीं है ऐसा जानकर अनादि अनन्त परमार्थ सत्ता प्राप्त होनेपर किसी प्राप्ति विषय में कुछ भी कारण न मानके जव विद्वान् बैठता है तव सभी संसारके कारणसे रहित काम, शोक, अविद्या आदिसे रहित अभय पद प्राप्त करलेता है। गौ. ४।७८

निवृत्तस्याप्रवृत्तस्य निश्चला हि तदा स्थितिः ।
विषयः स हि बुद्धानाम् तत्साम्यमजमद्वयम् ।। गौ.४।८०

द्वैत विषय से हटा हुवा विषयान्तरों में न लगे हुवे मानवों का चित्त चञ्चल रहित होकर ब्रह्मस्वरूप स्थिति होती है। यह विषय

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.


परमार्थ दर्शी ज्ञानियोंको होता है । उसका साम्य– पर निर्विशेष अज अद्वय होता है । गौ. ४।८०

अजमनिद्रमस्वप्नं प्रभातं भवति स्वयम् ।
सकृद्विभातो ह्येवैष धर्मो धातुस्वभावतः ।। गौ. ४।८१

आत्मा अज, अनिद्र (माया रहित) अस्वप्न (अविद्या शून्य) प्रभात स्वयं ज्योतिस्वभाव का है । स्वयं ज्योतिस्वभाव की यह आत्मा सदा प्रकाशमान है । ऐसी स्वभाव की यह आत्मा आत्म स्वभाव से ही रहती है गौ. ४।८७

यतो न क्रमते ज्ञानमसङ्गं तेन कीर्तितम् । गौ. ४।९६।।

क्यों कि ज्ञान विषयान्तरों मे नजाने से वह नित्य विज्ञ विरूप आत्मा असङ्गी (सङ्ग रहित) है । गौ. ४।९६।।

## तैत्तिरीयोपनिषत्

ॐ ब्रह्मविदाप्नोति परम्
सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म ।
यो वेद निहितं गुहायां परमे व्योमन् ।
सोऽश्नुते सर्वान्कामान्सह ।
ब्रह्मणा विपश्चितेति । २।१

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.



ब्रह्मज्ञानी परमपद प्राप्त करता है। इस ब्रह्म विद्यासे अविद्या की निवृत्ति होती है। उसकेवाद संसारका अत्यन्त अभाव होता है। जन्म मरण नहीं होता है। ब्रह्म सत्य है। ब्रह्म ज्ञान स्वरूप है। ब्रह्म का अन्त नहीं है। हृदयावच्छिन्न आकाश में स्थित बुद्धि में साक्षी रूप से वर्तमान ब्रह्मको जो पहचानता है ब्रह्म स्वरूप वह विद्वान् ब्रह्म स्वरूप से ही सभी कर्मोंका प्राप्त करता है। २।१

तदात्मानं स्वयमकुरुत। २।७

उसी अधिकृत (विकार शून्य) ब्रह्म ने व्याकृत रूप में (विकार रूप में) आतमा (स्वयं) की सृष्टि की है। २।७

आनन्दो ब्रह्मेति व्यजानात्।
आनन्दाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते।
आनन्देन जातानि जीवन्ति।
आनन्दं प्रयन्त्यभिसंविशन्ति।
सैषा विद्या।
परमे व्योमन्प्रतिष्ठिता।
स य एवं वेद प्रतितिष्ठति। ३।६

उन्हो ने विशुद्धानन्द स्वरूप ब्रह्म पहचाना। आनन्द स्वरूप ब्रह्म से ही भूत पैदा होते हैं। आनन्द स्वरूप ब्रह्म से पैदा हुवे भूत आनन्द

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.


स्वरूप से जीते हैं। आनन्द स्वरूप ब्रह्म में ही लीन होते हैं। वह उस विद्या हृदयाकाश गुहा में परम अद्वैत स्वरूप से स्थित है। जो आनन्द स्वरूप ब्रह्मको पहचानता है वही आनन्द स्वरूप ब्रह्म में रहता है।३।६

## ऐतरेयोपनिषत्

ॐ आत्मा वा इदमेक एवाग्र आसीत्।
नान्यत्किञ्चन मिषत्।
स ईक्षत लोकान्नु सृजा इति।
स इमांल्लोकानसृजत। १।१

यह आत्मा सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान्, संसार के धर्म रहित, नित्य, बुद्ध, मुक्त स्वभाव, अज, अमर, अमृत, अभय, अद्वय, नाम-रूप कर्म के भेदों से रहित, जाग्रत् स्वरूप जगत् की सृष्टि से पहले था। दूसरा कोई व्यापारवान् नही था। सर्वज्ञ स्वभाव होने से उस आत्माने विचार किया लोको में सृष्टि करूँ। उन्हो ने इस लोक की सृष्टि की। १।१

सर्वं तत्प्रज्ञानेत्रं प्रज्ञाने प्रतिष्ठितं
प्रज्ञानेत्रो लोकः प्रज्ञा प्रतिष्ठा प्रज्ञानं ब्रह्म। ३।३

स्थावर जङ्गमात्मक सभी सृष्टि प्रज्ञान नेता हैं। प्रज्ञान स्वरूप ब्रह्म में उत्पत्ति-स्थिति-लय सभी प्रतिष्ठित हैं। लोकप्रज्ञान नेत्रही है प्रज्ञाही लय स्थान है प्रज्ञान ब्रह्म है। ३।१

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.


## छान्दोग्योपनिषत्

पादोऽस्य सर्वाभूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि ३।१२।६

यह पुरुष ब्रह्म के एक पाद तेज जल अन्न आदि सभी स्थावर-जङ्गम हैं। इसके (समस्त गायत्री स्वरूप, ब्रह्मके) पुरुष नामका त्रिपाद् अमृत प्रकाश स्वरूप स्वात्मा में स्थित (रहा) है । ३।१२।६

सर्वं खल्विदं ब्रह्म तज्जलानिति शान्त उपासीत ।
अथ खलु क्रतुमयः पुरुषो यथा
क्रतुरस्मिल्लोके पुरुषो भवति तथेतः
प्रेत्य भवति स क्रतुं कुर्वीत । ३।१४।१

ये सव जगत् निश्चयही ब्रह्म स्वरूप है। ये ब्रह्म से ही पैदा होते है वही स्थिति काल में चेष्टा करता है। वही ब्रह्म में लीन होता है। यह जानकर शान्त होके ब्रह्म की उपासना करना । क्यों कि निश्चयही पुरुष निश्चयात्मक है। इस लोकमे जैसा निश्चय रखता है वैसा मरनेके वाद परलोक में भी होताहै (अतः) मनुष्योको निश्चय रखना चाहिए। ३।१४।१

मनोमयः प्राणशरीरो भारूपः सत्यसङ्कल्पः
आकाशात्मा सर्वकर्मा सर्वकामः सर्वगन्धः
सर्वरसः सर्वमिदमभ्यात्तोऽवाक्यनादरः । ३।१४।२

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

मन (मनन करनेवाली स्व वृत्ति है विषयमे प्रवृत्त होनेवाली) युक्त, प्राण (लिङ्गात्मा विज्ञान क्रिया शक्तियुक्त) शरीर, चैतन्यरूप सत्यसंकल्प, आकाश (स्वच्छ अनन्त) आत्मा, सभी क्रियायें सभी काम (इच्छा) सभी गन्ध सभी रसवाला यह सवोमे व्यापी, वचन रहित, कुछभी प्राप्य नरखने वाली, असम्भ्रम आत्मा है। ३।१४।४

एष म आत्माऽन्तर्हृदय एतद्ब्रह्म । ३।१४।४

यह मेरी आत्मा हृदय के भीतर रहा है। यही ब्रह्म है। ३।१४।४

सदेवेदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयम् । ६।२।१

सूक्ष्म वस्तु, निर्विशेष, सब में स्थित, निरञ्जन, निरवयव, विज्ञान सभी वेदान्त शास्त्रों से जो ज्ञान होता है वह सत् हैं। वही सत्स्वरूप एक अद्वितीय यह जगत्की सृष्टि से पहले था। ६।२।१

तदैक्षत बहुस्यां प्रजायेयेति तत्तेजोऽसृजत । ६।२।३

उस सत् ने वहुत होवें; उत्पन्न होवें ऐसा विचार किया। उस के वाद उस सत् ने तेज की सृष्टि की। ६।२।३

पुरुषस्य प्रयतो वाङ मनसि संपद्यते मनः प्राणे
प्राणस्तेजसि तेजः परस्यां देवतायाम् । ६।८।६

मरणावस्था के पुरुषका वचन मन में लय होता है। मन प्राण में लय होता है। प्राण तेज में लय होता है। तेज परदेवता में लय होता है। ३।८।६

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.


स य एषोऽणिमैतदात्म्यमिदं सर्वं तत्सत्यम् ।
स आत्मा तत्त्वमसि । ६।८।७

वह जो यह सत् नाम का अणुभाव जगत्का मूल है । इस सत् नाम की आत्मा से ये सभी जगत् आत्म स्वरूप हैं । इस सत् की आत्मा कोई नही है । अतः वही सत् आत्मा है । वह सत् स्वयं तुमही हो । ६।८।७

आत्मैवेदं सर्वं स वा एष एवं पश्यन्नेवं मन्वान
एवं विजानन्नात्मरतिरात्मक्रीड आत्ममिथुन
आत्मानन्दः स स्वराड् भवति । ७।२५।२

आत्मा ही यह सव है । वह ही यह सव इस तरह एक, आत्मा अज आकाशकी तरह पूर्ण अशून्य देखने वाला, इसतरह मनन करने वाला, और जानने वाला तथा आत्मामें रमण करने वाला, आत्मा में क्रीडा करनेवाला, द्वन्द्व-सुख भी द्वन्द्वकी अपेक्षा रहित आत्मा में होने से और आत्मासे ही निमित्त आनन्द मे र हा हुवा, (वाहच वस्तु की वृत्तिकी कुछभी नरखने वाला आत्मा मे ही लगा हुवा) वह विद्वान् स्वराट् ( स्वयं प्रकाश )होता है। ७।२५।२

आत्मत एवेदं सर्वम् । ७।२६।१

आत्मा से ही प्राण, आशा, (दिक्) आकाश, तेज, जल आदि पैदा होते हैं। ७।२६।१

आहारशुद्धौ सत्त्वशुद्धिः सत्त्वशुद्धौ ध्रुवा स्मृतिः
स्मृतिलम्भे सर्वग्रन्थीनां विप्रमोक्षः । ७।२६।२

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.


विषय प्राप्ति लक्षण विज्ञान के शुद्धि रूप ग्राहार शुद्धि ग्रर्थात् राग, द्वेष,मोह, दोषोंका संसर्ग नहुग्रा विषय विज्ञान शुद्ध होने पर ग्रन्तःकरण निर्मल होता है । ग्रन्तःकरण निर्मल होने पर स्वच्छ ग्रात्मा ग्रविच्छिन्न स्मरण होता है । निर्मल होनेपर स्वच्छ ग्रात्मा में ग्रविद्या-रूप सभी ग्रन्थि (बन्धन) नष्ट होता है ।

**एतत्सत्यं ब्रह्मपुरमस्मिन्कामाः समाहिता एष आत्मा-**
**पहतपाप्मा विजरो विमृत्युर्विशोको विजिघत्सोऽ**
**पिपासः सत्यकामः सत्यसङ्कल्पः । ८।१।५**

यह सत्य ब्रह्मपुर ब्रह्म स्वरूप है । ब्रह्मपुर सभी इच्छायें स्वात्मा में स्थित हैं। सत्यकाम सत्य संकल्प इस आत्मा में पाप नहीं है। जरा नहीं है। मृत्यु नहीं है। शोक नहीं है। भुक्ति की इच्छा नहीं है। पीने की इच्छा नहीं है सत्यकाम और सत्य संकल्प है । ८।१।५

**एष संप्रसादोऽस्माच्छरीरात्समुत्थाय परंज्योति-**
**रुपसंपद्य स्वेन रूपेणाभिनिष्पद्यते ।**
**एष आत्मा एतदमृतमभयमेतद्ब्रह्म**
**तस्य ह वा एतस्य नाम सत्यमिति । ८।३।४**

यह संप्रसाद आत्मा शरीर में आतमभाव त्यागकर निकला हुवा, परमात्म लक्षण विज्ञप्ति स्वभाववाला ज्योतिको प्राप्त कर के अपने आत्म स्वरूप से प्रकट होती है। यही संप्रसाद है। यही आत्मा अमृतमय ब्रह्म है । इसी का नाम सत्य है । ८।३।४

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.



मर्त्यं वा इदं शरीरमात्तं मृत्युना
तदस्यामृतस्याशरीरस्याऽत्मनोऽधिष्ठानमात्तो वै
सशरीरः प्रियाप्रियाभ्यां न ह वै सशरीरस्य
सतः प्रियाप्रिययोरपहतिरस्त्यशरीरं वाव सन्तं
न प्रियाप्रिये स्पृशतः ।। ८।१२।१

यह शरीर स्थूल, सूक्ष्म इन्द्रिय मन से युक्त विनश्वर है। वह शरीर मरणरहित और शरीर रहित (देह इन्द्रिय मनोधर्म आदि रहित) आत्मी की इच्छा से उत्पन्न भोगाधिष्ठान है। अशरीरी आत्मा को (मैं यह शरीर हूँ) ऐसे अविवेक से आत्म भाव होता सशरीर (शरीर से युक्त) है इसी कारणह शरीर मैं हुं ऐसा अभिमानी निश्चय ही प्रिय और असिप्रय से ग्रस्त होता है। शरीर मै हुँकरके रहनेवाला उसका प्रिय और अप्रिय नाश नही होता है। सशरीर होकर रहने वाले उसको प्रिय और अप्रिय नही स्पर्श करता है अर्थात शरीर रहित अमर आत्मा के अनुभव ज्ञान होने के वाद प्रिय और अप्रिय से अलग असंग आत्माको नही स्पर्श करता है। ८।१२।१

आकाशो वै नाम नामरूपयोर्निर्वहिता ते
यदन्तरा तद्ब्रह्म तदमृतं स आत्मा। ८।१४।१

वेद में प्रसिद्ध यह आकाश आत्मा है। आकाशरूप ब्रह्म के बीच में जो नाम, रूप है वह केवल उपाधि मात्र है। वास्तविक नामरूप नहीं है। वह मरण धर्म रहित ब्रह्म है। वही आत्मा है। ८।१४।१

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.


## बृहदारण्यकोपनिषत्

आत्मैवेदमग्र आसीत् । १।४।१

सृष्टि के पहले यह आत्मा ही था । १।४।१

स द्वितीयमैच्छत् ।
स इममेवाऽऽत्मानं द्वेधाऽपातयत्ततः
पतिश्च पत्नी चाभवताम् । १।४।३

उन्होंने दूसरेकी इच्छा की ।

उन्होंने इ सआत्माको दो भाग में किया उससे पति और पत्नी (दम्पती) हुए ।

तत्सर्वमसृजत । १।४।४

उन्होंनेसभी जगत् की सृष्टि की । १।४।४

सोऽवेदहं वाव सृष्टिरस्म्यहं हीदं
सर्वमसृक्षीति । १।४।५

उन्होंने जाना मैं आप ही सृष्टि हूँ मैंने ही ये सब सृष्टि की । १।४।५

अथेत्यभ्यमन्थत् स अग्निमसृजत ।
अथ यत्किञ्चेदमार्द्रं तद्रेतसोऽसृजत तदु सोम

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.


एतावद्वा इदं सर्वमन्नं चैवान्नादश्च
सोम एवान्नमग्निरन्नादः।
१।४।६

इसके बाद उन्होंने ऐसा मन्थन किया। अग्निकी सृष्टि की। इसके बाद जो कुछ यह आर्द्र है वह अपने बीज से सृष्टि किया वह सोम है। इतना ही ये सब अन्न और अन्न खाने वाले हैं—सोम अन्न और अग्नि अन्न खानेवाला हैं।
१।४।६

तद्धेदं तर्ह्यव्याकृतमासीत्तन्नामरूपाभ्यामेव
व्याक्रियत स एष इह प्रविष्टः। तं न पश्यन्ति।
अकृत्स्नो हि स प्राणन्नेव प्राणो नाम भवति
वदन् वाक् पश्यँश्चक्षुः शृण्वन् श्रोत्रं
मन्वानो मनस्तान्यस्यैतानि कर्मनामान्येव।
आत्मेत्येवोपासीतात्र ह्येते सर्व एकं भवन्ति।
तदेतत्पदनीयमस्य सर्वस्य यदयमात्मानेन ह्येतत्सर्वंवेद। १।४।७

उस समय यह जगत् संसार वह अव्याकृत था वह नाम और रूप से व्याकृत अलग हुआ जो यहाँ प्रविष्ट हुआ।) एक रूप अनन्त आत्मा अपरिच्छिन्न कार्य में जानने और ज्ञेय होने से प्रविष्ट हुआ ऐसा कहा गया वह आत्मा को नहीं देखता है। वह आत्मा कार्य रूप में देखने पर निश्चय ही अपूर्ण है। सास लेने पर प्राण नाम होता है। बोलने पर वाक् होता है। देखने पर चक्षु होता है। सुनने पर श्रोत्र होता है। मनन करने पर मन होता है। ये आत्मा के वे ये कर्म नाम कार्य हैं। वह आत्मा है ऐसे

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.


समझकर उपासना करना यह आत्मा ही ये सब एक होते हैं। जो वह इन सबों में जानने प्रवेश करने में योग्य हैं। वह यह आत्मा है। आत्म ज्ञान से ही ये सब जाने जाते हैं। १।४।७

अन्तरतरं यदयमात्मा। १।४।८

वाह्य विषय (कलत्र पुत्र शरीरादि) अपने प्रिय हैं– सन्निकृष्ट किहैं इस से भी यह आत्मा अतिशय संनिकृष्ट (नजदीक) प्रियतर है। १।४।८

ब्रह्म वा इदमग्र आसीत् तदात्मानमेवावेत्।
अहम्ब्रह्मास्मीति।
तस्मात्तत्सर्वमभवत्। १।४।१०

यह ब्रह्म ही सृष्टि से पहले था। उसने मै ब्रह्म हूँ करके पहचाना। इसकारण यह सव हुवा। १४।१०।

आत्मैवेदमग्र आसीदेक एव
सोऽकामयत मन एव अस्यात्मा
वाग्जाया प्राणः प्रजा। १।४।१७

पहले एक ही आत्मा मात्र थी। उसने कामना कि इनका मन (मन की वृत्ति ही दूसरा करण कार्य होकर मुख्य मन होने से) आत्मा जैसा ह, वाक् (शव्द मन के अनुसार चलनेवाला होने से) पत्नी जैसा है, वे दो मन वचन के अनुसार चलने वाला होने से सन्तान जैसा प्राण ह १।४।१७

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.


पुरुषो वा अक्षितिः स हीदमन्नं पुनः पुनर्जनयते
कर्मभिर्यद्धैतन्न कुर्यात्क्षीयेत ह । १।५।२

पुरुष (जीव चैतन्य) ही अविनाशी है । वह ही अन्न (भोग्य विषय) अनेक कर्मद्वारा बार बार पैदा करता है । यदि निश्चय ही वह कुछ नही करता तो अन्न अवश्य ही नाश होता । १।५।२

मनो वाचं प्राणं आत्मने कुरुत मनसा ह्येव
पश्यति मनसा शृणोति मनसा विजानाति ।
कामः संकल्पो विचिकित्सा श्रद्धाऽश्रद्धा
धृतिरधृतिर्ह्रीर्धीर्भीरित्येतत्सर्वं मन एव
शब्दो वागेव अन प्राण एव । १।५।३

मन (अन्तःरकण( वचन )अन्तःकरण की वृत्ति शब्द प्रवर्तक) प्राण (अन्तःकरण की चलन वृत्ति वायु प्रवर्तक) आत्मा ने अपने लिये बनाया, मन से ही दिखता है, मन से ही सुनता है मन से ही जानता है । काम, सङ्कल्प, श्रद्धा (अदृष्ट धर्म देवतादि में आस्तिक बुद्धि रखना) उस श्रद्धा के विपरीत अश्रद्धा, धृति (धैर्य, स्वरूप चैतन्य में अचल रहना शान्ति), वह धृति नरहना अव्वृत्ति, लज्जा, प्रज्ञा (बुद्धि) भय ये सब मन (मन में स्फुरण और लय होनेवाली वृत्ति होने से) ही है शब्द (ध्वनि) वाक् (अन्तःकरण वृत्ति वाक् में स्फुरण और लय होने से ही है, प्राण चलन रूप अन (अन्तःकरण वृत्ति चञ्चल प्रवृत्ति स्फुरण और लय होनेवाले होने से) ही है । १।५।३

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.


नेति नेति न ह्येतस्मादिति नेत्यन्यत्परमस्ति । २।३।६

यह कुछ नहीं है यह कुछ नहीं है (इस तरह सब उपाधि विशेष नहीं है) यह कुछ नहीं है यह कुछ नहीं है इस आदेश से दूसरा बडा कुछ नहीं है। २।३।६

इदं सर्वं यदयमात्मा । २।४।६

ये सब जगत् आत्मा से पैदा होते है आत्मा में लीन होते हैं आत्ममय स्थितिकाल है । इसलिए ये सभी आत्मा हैं । २।४।६

इदं महद्भूतमनन्तमपारं विज्ञानघन एव । २।४।१२

यह आत्मा आकाश की तरह व्यापक उपाधि रहित महान् परमार्थ स्वरूप अन्त रहित, आधार विज्ञान स्वरूप हैं । २।४।१२

तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषोऽ यमेव स योऽयमात्मेद-
ममृतमिदं ब्रह्मेदं सर्वम् । २।५।१

चिन्मात्रमय, मरण धर्म रहित, शरीरान्तर्वर्ती हृदयाकाश में स्थित यह पुरुष ही आत्मा है । यही अमृत है यहीब्रह्म है यही सब है । २।५।१

नैनेन किञ्चनानावृतं नैनेन किञ्चनासंवृतम् । २।५।१८

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.


इस आत्मा से न ढका हुवा कुछ भी नहीं है। इस आत्मा द्वारा भीतर अप्रविष्ट कुछ भी नहीं है। अर्थात् नाम और रूप से भीतर और बाहर कार्य तथा कारण रूप से यह स्थित है। २।५।१८

**इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते ।**
**तदेतद्ब्रह्मापूर्वमनपरमनन्तरमबाह्यमयमात्मा**
**ब्रह्म सर्वानुभूरित्यनुशासनम् । २।५।१९**

परमेश्वर एक ही है प्रज्ञान घन है तो भी अविद्या माया प्रज्ञा नाम रूप उपाधि मिथ्या अभिमान के कारण बहुरूप दिखाई पडता है। वह यह आत्म स्वरूप ब्रह्म का कोई कारण नहीं है। कोई कार्य भी नहीं है, ब्रह्म के बीच में जातियाँ नहीं हैं, इस के बाहर भी कुछ नहीं है। सर्वात्मता से (सब रूप से) सब अनुभव करनेवाली यह आत्मा है ऐसा वेदान्त का उपदेश है। २। १९

**एका देवता मन एवेत्यनन्तम् । ३।१।९**

वह मन नाम का एक ही देवता है। मन वृत्तिभेद से अनन्त भी है। ३।१९

**अस्मात्प्राणाः न उत्क्रामन्ति अत्रैव समवनीयन्ते । ३।२।११**

मरणा वस्था में ब्रह्मविद् के प्राण (कार्य, इन्द्रियाँ) नहीं निकल ते हैं ब्रह्म में ही लीन होते हैं। ३।२।११

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.


यत्साक्षादपरोक्षाद्ब्रह्म य आत्मा सर्वान्तरः । ३।४।१

जो ब्रह्म उपाधि रहित अनुभव स्वरूप है जो वह आत्मा सभी के भीतर स्थित है । ३।४।१

एष त आत्मा सर्वान्तरो यो ऽशनायापिपासे
शोकं मोहं जरां मृत्युमत्येति । ३।५।१

यह तुह्मारी आत्मा सबोंका भीतर रहा है जो खाने पीने की इच्छा, शोक, मोह जरा मरणको पारकरता है । ३।५।१

एष त आत्माऽन्तर्याम्यमृतः । ३।७।२३

यह तुह्मारी आत्मा सभी प्राणियों का अन्तर्यामी (नियन्ता) अमृत स्वरूप है । ३।७।२३

एतद्वै तदक्षरमनन्तरमबाह्यम् । ३।८।८

यह वह आत्मा है जो नाश नहीं होता, अन्तर भी नहीं है, वाह्य भी नहीं है । ३।८।८

विज्ञानमानन्दं ब्रह्म रातिर्दातुः परायणं
तिष्ठमानस्य तद्विदः । ३।९।२८-७

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.


विज्ञान आनन्द स्वरूप ब्रह्म है। वह ब्रह्म धन देकर कर्म करनेवाले यजमानों को फल देता है। ब्रह्म का ध्यान कर के रहनेवालों को स्व स्वरूप का (अपने स्वरूप का) दर्शन होता है (अनुभव होता है)।
३।९।२८–७

**आत्मैवास्य ज्योतिः आत्मनैवायं ज्योतिषाऽऽस्ते**
**पल्ययते कर्म कुरुते विपल्येति।** ४।३।६

आत्मा ही दूसरे से प्रकाश न किये जानेवाला स्वप्रकाश ज्योतिरूप है। वही आत्मज्योति से यह रहती है। इधर उधर जाती है कर्मकरती है पुनः लौटती है। ४।३।६

**कतम आत्मेति योऽयं विज्ञानमयः प्राणेषु**
**हृद्यन्तर्ज्योतिः पुरुषः स समानः सन्नुभौ**
**लोकावनुसञ्चरति ध्यायतीव लेलायतीव।** ४।३।७

प्रश्न– आत्मा कौन है? उत्तर– जो यह विज्ञानमय, प्राणों से पृथक बुद्धि के भीतर स्थित ज्योति स्वरूप एक रूप पुरुष है। वह इहलोक परलोक ये दोनों लोकों में सञ्चरण शील है। ध्यानस्थ जैसा लगता है। वास्तव में ध्यान नहीं करता है। चल जैसा लगता है। वास्तव में वह आत्म ज्योति चल धर्मवाला नहीं है। ४।३।७

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

स्वेन भासा स्वेन ज्योतिषा प्रस्वपित्यत्रायं
पुरुषः स्वयं ज्योतिर्भवति । ४।३।६

सभी वासनात्मक अन्तःकरण की वृत्ति के प्रकाशक, विषयभूत प्रकाश से युक्त वह वासनात्मक भाव रूप को विविक्त (पवित्र) ज्योति रूप से अनुभव कर वह आत्मा सोती है। इस अवस्था में यह पुरुष स्वरूप आत्मा स्वयं ही विविक्त ज्योति होती है। वाह्य आध्यात्मिकभूत भौतिक संसर्ग से रहित ज्योति होता है। ४।३।६

स यत्तत्र किञ्चित्पश्यत्यनन्वागतस्तेन
भवत्यसङ्गो ह्ययं पुरुषः । ४।३।१५

वह आत्मा जब स्वप्न में कुछ देखती है तब उस देखी हुई बातों से अनुगत (संवद्ध) नहीं होती है। इसलिये यह पुरुष सङ्ग रहित है। ४।३।१५

अयं पुरुषः प्राज्ञेनात्मना सम्परिष्वक्तो न
वाह्यं किञ्चन वेद नाऽऽन्तरं तद्वा अस्यैतदा-
प्तकाममात्मकाममकामं रूपं शोकान्तरम् । ४।३।२१

यह पुरुष स्वाभाविक अपनी परज्योति से एक रूपवाला निरन्तर सर्वात्मा है। वाह्य और आन्तरिक विषय में यह मैं हूँ मैं सुखी और दुःखी हूँ ऐसा कुछ भी ज्ञान नहीं करता है। स्वयं ज्योति स्वभाववाली

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.


इस आत्मा का रूप आप्तकाम है। अर्थात् दूसरी कामना करने की कोई आवश्यकता नहीं है। अविद्या न होने से यथेच्छ आत्म स्वरूप है। अत: अकाम है। काम्य विषय न होने से शोक शून्य रूप है। ४।३।२१

**एको द्रष्टाऽद्वैतो एष ब्रह्म लोकः एष परम आनन्दः।**

**४।३।३२**

यह ब्रह्म एक है द्रष्टा है अद्वैत है। यह ही ब्रह्म लोक है परमानन्द स्वरूप है। ४।३।३२

**स वा अयमात्मा ब्रह्म सर्वमय-**
**स्तदेतदिदंमयोऽदोमय इति**
**काममय एवायं पुरुष इति स यथा कामो**
**भवति तत्क्रतुर्भवति यत्क्रतुर्भवति तत्कर्म**
**कुरुते यत्कर्म कुरुते तदभिसम्पद्यते। ४।४।५**

वह ही यह आत्मा ब्रह्म सर्वमय सर्वसमान है। यह (दृश्य) समान प्रत्यक्ष और (अदृश्य अनुमान) परोक्ष जैसा है। यह पुरुष काममय ही है ऐसा कहते है।

वह जैसी कामनासे काम करने वाला होता है उसीके अनुरूप अधिक सकल्प करनेवाला होता है। जैसा जैसा संकल्प करनेवाला होता है वैसा कर्म करता है। वैसा फल पाता है। ४।४।५

**अकामयमानो योऽकामो निष्काम आप्तकाम**
**आत्मकामो न तस्य प्राणा उत्क्रामन्ति**
**ब्रह्मैव सन्ब्रह्माप्येति ॥ ४।४।६**

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.


फल की इच्छा से काम करने वाले इस लोक में पुनः जन्म लेते हैं( जो फल की इच्छा नहीं रखता वह अकामयमान होता है उस की इच्छा हृदय से हटी हुई होती है। (विषयाभिलाष नहीं रहता है और निष्काम होता है ) आत्म प्राप्तिमात्र की इच्छा होने से आत्म प्राप्ति होनेपर वह स्वयं (आपही) आप्त काम होता है। आत्मा से पृथक् दूसरी इच्छित कुछ भी वस्तु नहीं होती है। आत्म प्राप्ति किये हुए मनुष्यों का प्राण नहीं निकलता ब्रह्म स्वरूप होता है। ४।४।६

यदा सर्वे प्रमुच्यन्ते कामा येऽस्य हृदि श्रिताः।
अथ मर्त्योऽमृतो भवत्यत्र ब्रह्म समश्नुते।
अशरीरोऽमृतः प्राणो ब्रह्म एव तेज एव ।। ४।४।७

जिस समय इसका हृदय स्थित सभी तृष्णा आदि विषय छूट ते हैं तव वे आप्तकाम ब्रह्मविदों का मूल से ही विषयों का नाश होता है। लोक प्रसिद्ध पुत्र कलत्र वित्त (धन) आदि तृष्णाएँ पुरुष के हृदय में आश्रित होकर रहती हैं। वाद वह आदमी मरणधर्म वाला होता है। काम से वियोग होने पर वह पुरुष अमृत होता है। अर्थात् आत्मा से अतिरिक्त कामनायें अविद्या लक्षण हो ने से उस कामों में लगनेवाले पुरुष मरण धर्मवाले होते हैं। इसलिए आत्मानुभवी विद्वान् मृत्यु रहित होकर जीते ही अमृत होते हैं। इसलिए आत्मा काम कर्म प्रयुक्त शरीरात्म छुटने से अशरीर होता है। अमृत होता है परमात्मा होता है ब्रह्म ही होता है। विज्ञान ज्योति होता है। ४।४।७

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.


मनसैवानुद्रष्टव्यं नेह नानाऽस्ति किञ्चन ।
मृत्योः स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति ।। ४।४।१९

आचार्य द्वारा उपदेश किये हुए परमार्थ ज्ञान से संस्कृत मन से ही ब्रह्म का दर्शन मिलता है। ( ब्रह्म का अनुभव होता है ) उस दर्शन का विषय ब्रह्म में कुछ भी नानात्व नहीं है। उस ब्रह्म में अविद्या से आरोपित नानात्व जो देखता है वह मृत्यु से मृत्यु प्राप्त करता है। ४।४।१९

एकधैवानुद्रष्टव्यमेतदप्रमयं ध्रुवम् ।
विरजः पर आकाशादज आत्मा महान्ध्रुवः ।। ४।४।२०

एकमात्र विज्ञान घनैकरस स्वरूप से आकाश की तरह निरन्तर उस आत्माका अवलोकन करना। वह ब्रह्म अप्रमेय है। धर्म अधर्म आदि रजोगुण रहित, आकाश से भी परे, सूक्ष्म, महत्परिणाम से भी महत्तर, एक रस, दूसरा और मैं इस भावके हट जानेपर अनुभव स्वरूप आत्मा में केवल अविनाशी यह आत्मा दिखलाई पडती है। ४।४।२०

स वा एष महानज आत्मा योऽयं विज्ञानमयः प्राणेषु य एषोऽन्तर्हृदय आकाशस्तस्मिञ्छेते सर्वस्य वशी सर्वस्येशानः सर्वस्याधिपतिः स न साधुना कर्मणा भूयान्नो एवाऽसाधुना कनीयानेष सर्वेश्वर

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.



एष भूताधिपतिरेष भूतपालः एष सेतुर्विधरण एषां लोकानामसम्भेदाय स एष नेति नेत्यात्मा ।
४।४।२२

वह ही यह महान् जन्म रहित (स्वप्रकाश) आत्मा जो यह प्राणों में (चक्षुरादिक इन्द्रियकरणोंमें ये प्राण वृत्तियों से अतिरिक्त) विज्ञानमय चैतन्य स्वरूप से रहता है, जो यह हृदय के भीतर रहनेवाला (बुद्धि वृत्ति से अतिरिक्त) आकाश वा विज्ञानमयका स्वरूप निरुपाधिक परमात्मा चित्प्रकाश है उसमें (अपना स्वरूप भूत परमात्मा चिदाकाश में) रहता है ।शयन करता है अर्थात् स्थित हैं ।( वह सबोंको अपने वश में रखने वाला, सबोंको शासन करनेवाला और सबोंका अधिपति है । वह अच्छे कर्मसे वडा नहीं होता है न तो बुरे कामों से ही छोटा होता है । ) वह आत्मा परिपूर्ण एक स्वरूप में ही रहनेवाली होने से किसी धर्म से वढनेवाली वा किसी शास्त्र प्रतिषिद्ध कर्म से छोटा होने वाली नहीं है । अर्थात् आत्मा निर्लिप्त निरुपाधिक होनेसे किसी भी प्रातिभासिक उपाधि से वह वडा पूज्य वा छोटा अपूज्य ऐसे अवस्थान्तर में प्राप्त नहीं होती है( यह आत्मा सवके ईश्वर हैं । यह ब्रह्मासे लेकर स्तम्वपर्यन्त समस्त भूतोंका अधिपति है । यह आत्मा ये सव भूतोंका पालन करनेवाली हैं । ये भूरादि लोकोकी मर्यादा भङ्ग नकरने के लिए यहआत्मा सबों कि धारणा करने वाली अधिष्ठान माना जाता हैं । वह यह आत्मा नेति नेति अर्थात् "अनात्मा ऐसी नहीं है अनात्मा ऐसी नहीं है" इस प्रकार से आत्म रूप से )ब्रह्मसे भिन्न कुछ नहीं है कुछ नहीं है ऐसा कहरक निर्देश किया हुआ स्वच्छ है ।
४।४।२२

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.


एवंवित् शान्तो दान्त उपरतस्तितिक्षुः समाहितो
भूत्वाऽऽत्मन्येवाऽऽत्मानम्पश्यति
सर्वमात्मानं पश्यति । ४।४।२३

कर्म से असंवद्ध "नेति-नेति" (ब्रह्म से अलग कुछ भी नहीं है नहीं है) ऐसा उपनिषद् वाक्य की महिमा को जाननेवाले, वाह्येन्द्रिय व्यापार से हटकर शान्त, अन्तःकरण की तृष्णा से हटे हुवे, इच्छा रहित, सन्यासी (विषय से हटे हुए) शीतोष्ण, सुखदुःख सहन कर सकनेवाले मनुष्य एकचित्त हो कर अपनी आत्मा में और दूसरे सब विषयों में आत्मा ही देखते हैं आत्मा से अलग दूसरा कुछ नहीं देखते हैं। ४।४।२३

स वा एष महानज आत्माऽजरोऽमरोऽमृतोऽभयो
ब्रह्माभयं वै ब्रह्माभयं हि वै
ब्रह्म भवति य एवं वेद । ४।४।२५

यह महान् आत्मा अजर अमर अमृत अभय ब्रह्म है। जो यह जानलेता है वह ब्रह्म स्वरूप होता है। ४।४।२५

अयमात्माऽनन्तरोऽबाह्यः कृत्स्नः
प्रज्ञानघन एव । ४।५।१३

(सभी कार्यों के प्रलय करनेवाले ज्ञान के अनुभव होने पर) अनन्तर अवाह्य कृत्स्न प्रज्ञान घन केवल एक आत्मा अवशेष रहती है। ४।५।१३

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

अविनाशी वा अरेऽयमात्माऽनुच्छित्तिधर्मा । ४।५।१४

यह आत्मा विकार लक्षण और उच्छेद (नाश) लक्षण रहित अविनाशी है । ४।५।१४

यत्र हि द्वैतमिव भवति तदितर इतरं पश्यति
जिघ्रति रसयते अभिवदति शृणोति
मनुते स्पृशति विजानाति
यत्र त्वस्य सर्वमात्मैवाभूत्तत्केन कं पश्येत्
जिघ्रेत् रसयेत् अभिवदेत् शृणुयात् मन्वीत
स्पृशेत् विजानीयाद्येनेदं सर्वं विजानाति
तं केन विजानीयात्स एष नेति नेत्यात्माऽ
गृह्यो न हि गृह्यतेऽशीर्यो न हि शीर्यतेऽ
सङ्गो न हि सज्यतेऽसितो न व्यथते न
रिष्यति विज्ञातारमरे केन विजानीयात् ।
एतावत् खल्वमृतत्वम् ४।५।१५

जहाँ द्वैत की तरह होता है वहाँ एक दूसरे को देखता है, स्वादलेता है, बोलता है, सुनता है, मानता है, छूता है, जानता है। जहाँ सव आत्मा ही है वहाँ कौन किस को देखें, सूघें, स्वादलेवें, बोलें, सुने, माने, छूवें जाने ? जो यह सव जानता है उस को कौन जाने ? "नेति नेति" वाक्य से प्रतिपादन किया हुवा दूसरे सहकारि कारण के निरपेक्ष, अमृतत्व साधन, अमृतात्म दर्शन ग्रहण नही किया जा सकता । अशीर्य होने से

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.


शीर्ण नही होता। असङ्ग होने से किसी में नहीं लगता। बन्धन न होने से दु:खी नहीं होता। क्रुद्ध नहीं होता। ऐसे विज्ञाता आत्मा को कौन जानेगा। ऐसा ही यह निश्चय हीं अमृत(अमर)आत्मा है। ४।५।१५

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते॥
ॐ खं ब्रह्म खं पुराणं वायुरं खमिति
ह स्माह कौरव्यायणीपुत्रो
वेदोयं ब्राह्मणा विदुर्वेदैनेन यद्वेदितव्यम्। ५।१।१

बृहदाररायकोपनिषद् ५।१।५

ॐ प्रज्ञानमानन्दं ब्रह्म। (ऋ०)

प्रज्ञान आनन्द स्वरूप ब्रह्म है। (ऋ.)

ॐ अहं ब्रह्मास्मि। (य०)

मैं ब्रह्म हूँ। (य.)

ॐ तत्त्वमसि। (साम०)

सत्परमातम स्वरूप तुम हो। (साम.)

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

ॐ अयमात्मा ब्रह्म । (अ०)

यह आत्मा ब्रह्म स्वरूप है । (अ.)

तं ह देवमात्मबुद्धिप्रकाशं मुमुक्षुर्वै
शरणमहं प्रपद्ये ।

**श्वेताश्वतरोपनिषत्** ६।१८।।

मुक्ति चाहनेवाला मैं उस आत्म बुद्धि प्रकाश देव की शरण पडता हूँ। श्वेताश्वतरोपनिषद् ।६।१८।।

असतो मा सद्गमय तमसो मा
ज्योतिर्गमय मृत्योर्माममृतं गमय ।

**बृहदारण्यकोपनिषत्** १।३।२८

असत् से मुझे सत् में लेजाओ अन्धकार से मुझे ज्योति में पहुचाओ मृत्यु से मुझे अमृत में लेजाओ। वृ. आ. १।३।२८

दृशिस्वरूपं गगनोपमं परं
सकृद्विभातं त्वजमेकमक्षरम् ।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.


अलेपकं सर्वगतं यदद्वयं
तदेव चाहं सकलं विमुक्तः ॐ ।।

**मुक्तिकोपनिषत्** २।७३

द्रष्टृ स्वरूप, आकाश के समान, व्यापक परम स्वप्रकाश, अज, अक्षर,एक,अलिप्त, सर्वगत जो अद्वितीय है वही सव विमुक्त ब्रह्म मैं हूँ ।

मुक्तिकोपनिषद् २।७३

ब्रह्मानन्दं परमसुखदं केवलं ज्ञानमूर्तिं
द्वन्द्वातीतं गगनसदृशं तत्त्वमस्यादिलक्ष्यम् ।
एकं नित्यं विमलमचलं सर्वधीसाक्षिभूतं
भावातीतं त्रिगुणरहितं सद्गुरुं तं नमामि ।।

ब्रह्मानन्द स्वरूप, परम सुख देनेवाला, केवल ज्ञान मूर्ति सुख दुःख आदि द्वन्द्व से रहित आकाश के समान निर्लिप्त व्यापक, तुम ही ब्रह्म हो, इस महावाक्य के लक्ष्य, एक, निर्मल, नित्य, अचल सबोंकी बुद्धिके साक्षी रूप,सब भावों से पर वाले तीनों गुणों से रहित उस सद्गुरूको नमस्तकार करता हूँ ।

चित्सदानन्दरूपाय सर्वधीवृत्तिसाक्षिणे ।
नमो वेदान्तवेद्याय ब्रह्मणेऽनन्तरूपिणे ।।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

चैतन्य सत् और आनन्दस्वरूप सबकी बुद्धिवृत्ति के साक्षी रूप, वेदान्त (वेद के निर्णय) द्वारा जानने योग्य और अनन्त रूप ब्रह्मको नमस्कार

ॐपूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ।।

ॐ शान्तिः ॐ शान्तिः ॐ शान्तिः ।

यह ब्रह्म पूर्ण है आकाश के समान व्यापी है, निरन्तर और उपाधि से रहित है । यह कार्यब्रह्म भी पूर्ण है । पूर्ण से पूर्णकी ही उत्पत्ति होती है । वही पूर्ण ब्रह्म उपाधि द्वारा नाम-रूप होकर व्यवहार की अवस्था में पहुँचकर अपने रूप से व्याप्त है । वह यह विशेष में प्राप्त कार्यात्मक ब्रह्म पूर्ण कारण को नत्यागकर पूर्ण रहता है । अर्थात् पूर्ण कार्य स्वरूप ब्रह्म का पूर्णत्व लेकर) आतम स्वरूप एकरस प्राप्त कर) विद्या द्वारा अविद्या से भूत मात्र उपाधि के संसर्ग से पैदा हुवा अन्यत्व अवभास को दवाकर पूर्ण केवल ब्रह्म मात्र वचा रहता है ।

वृहदारण्य कोपनिषद्

समाप्त

--o--

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

मुद्रकः– श्री ५ को सरकारको छापाखाना, काठमाडौं, नेपाल ।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu